*वॉल्यूम 16*

DeKalb काउंटी स्कूल डिस्ट्रिक्ट परिवार को नमस्कार,

मुझे उम्मीद है आपका सप्ताह उपयोगी रहा होगा। हालांकि COVID-19 हमारे समुदाय का जीवन प्रभावित कर रहा है, अपने छात्रों और कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता सर्वोपरि है।

जैसाकि मैंने विगत कुछ सप्ताहों में बताया कि फिर से खोले जाने की हमारी योजना अपरिवर्तित और सुसंगत है। डेटा-संचालित दृष्टिकोण से भी स्कूलों में फिर से प्रवेश और हमारे स्कूलों को फिर खोलने और बंद करने की हमें अनुमति नहीं मिलती, इस तरह ऐसी महामारी में हमारा समुदाय भी अस्थिरता की चपेट में आ गया है। इस अनिश्चित समय में यह जरूरी है कि हमारे छात्रों का ध्यान तब तक सीखने पर रहे जब तक हम सुरक्षित रूप से आमने-सामने के निर्देश पर वापस नहीं लौटते। हालांकि हमारे छात्र शैक्षिणिक सफलता पर केंद्रित हैं, हमारे डिस्ट्रिक्ट लीडर आपातकालीन तैयारी, परिवहन, सुरक्षा प्रोटोकॉल और बहुत कुछ सहित स्कूलों को फिर से खोलने की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। कृपया अपडेट के लिए हमारी री-ओपनिंग वेबसाइट देखें https://www.dekalbschoolsga.org/school-reopening/.

**जॉर्जिया के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग (GDPH) की गणना अनुसार दो सप्ताह की अवधि के लिए सामुदायिक स्प्रेड का लेवल प्रति 100,000 निवासियों पर 100 मामलों के "पर्याप्त स्प्रेड" के बेंचमार्क के ऊपर बना हुआ है। GDPH द्वारा आज की तारीख में, DeKalb काउंटी के लिए रिपोर्ट की गई यह संख्या 198 है।** DeKalb काउंटी में स्प्रेड के लेवल के अपडेट के लिए, कृपया देखें: https://dph.georgia.gov/covid-19-daily-status-report. इन संख्याओं में वृद्धि होना बेहद चिंताजनक है और हम सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे परिवार और कर्मचारी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (CDC) के कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों पर स्पष्ट रहें।

कोरोनावॉयरस बीमारी 2019 के तथ्यों को जानें

- रोग किसी की नस्ल या जाति की परवाह किए बिना उसे बीमार कर सकते हैं।
  - COVID-19 के डर और चिंता से लोग दूसरों से बचने या अस्वीकार करने का कारण बन सकते हैं, भले ही उन्हें वॉयरस फैलने का खतरा न हो।

- ज्यादातर लोगों के लिए, वॉयरस से गंभीर रूप से बीमार होने का तत्काल जोखिम कम माना जाता है जो COVID-19 का कारण बनता है।
  - कुछ लोगों को COVID-19 सेअधिक गंभीर जटिलताओं का खतरा बढ़ सकता है और उन्हें स्वयं को बचाने के उपाय करने चाहिए।
  - ऐसा व्यक्ति जिसने अलग-थलग रहना पूरा कर लिया हो या अलगाव से मुक्त हो गया हो, वह अन्य लोगों को संक्रमण का खतरा नहीं बनता।
- कुछ ऐसी साधारण बातें हैं जिनसे आप स्वयं को और दूसरों को स्वस्थ रखने में सहायता कर सकते हैं।
  - अपनी नाक बहने, खांसने या छींकने; बाथरूम जाने के बाद; और खाना खाने या तैयार करने से पहले कम से कम 20 सेकंड तक अपने हाथों को हमेशा साबुन और पानी से धोएं।
  - अपनी आंखों, नाक और मुंह को गंदे हाथों से छूने से बचें।
  - बीमार होने पर घर में ही रहें।
  - खांसते या छींकते समय मुंह पर टिशू रखें फिर टिशू को कूड़ेदान में फेंकें।

कृपया इन तथ्यों को ध्यान में रखें क्योंकि हम इस महामारी के दौर से गुजर रहे हैं।

**जीवन में एक दिन**

हम चूंकि स्कूलों को फिर से खोलने की तैयारी कर रहे हैं, हमारे कुछ वरिष्ठ कैबिनेट सदस्यों और बोर्ड के सदस्यों को पिछले सप्ताह "जीवन में एक दिन" के दौरे में रिटर्न-टू-स्कूल योजना का निरीक्षण करने के लिए तीन DCSD स्कूलों को देखने का अवसर मिला। दौरे में कैबिनेट सदस्यों को स्कूल प्रोटोकॉल/प्रथाओं, लगी हुई कक्षा में छात्रों के होने, छात्रों के आपस में मिलने, दोपहर के भोजन और बाहर निकलने को देखने का मौका मिला। इस दौरे को संभव बनाने के लिए Canby Lane Elementary स्कूल, Chapel Hill Middle स्कूल और Tucker High स्कूल के कर्मचारियों को धन्यवाद।

**ब्लैक लाईव्स मैटर साप्ताहिक कार्यक्रम 2020**

डिस्ट्रिक्ट में 9-13 नवंबर का सप्ताह " Black Lives Matter at DeKalb Schools Week of Action 2020" होगा। सप्ताह भर के कार्यक्रमों में डेली ब्लैक लाइव्स मैटर स्कूल-आधारित निर्देशात्मक गतिविधियाँ शामिल हैं, जिनमें ऐतिहासिक रूप से ब्लैक कॉलेजों और विश्वविद्यालयों (HBCUs) का सोशल मीडिया उत्सव, DeKalb काउंटी में ब्लैक-स्वामित्व वाले व्यवसायों का उत्सव, "माई ब्रदर

कीपर" किकऑफ़, "माई ब्लैक इज ब्यूटीफुल यूनिटी डे" और छात्र के नेतृत्व वाली पैनल चर्चा शामिल होंगी।

“Black Lives Matter At DeKalb Schools Week of Action 2020” का लक्ष्य नस्लीय न्याय के मामलों से जुड़ने के लिए हर उम्र के लोगों के लिए स्कूल समुदायों में महत्वपूर्ण प्रतिबिंब और ईमानदार बातचीत का एक निरंतर आंदोलन बनाए रखना है।

DCSD एक विविध स्कूल डिस्ट्रिक्ट है और हम खूबसूरत विविधता हर तरह से मनाते हैं। Black Lives Matter at DeKalb Schools Week of Action 2020 हमारे छात्रों और कर्मचारियों को अपने समुदायों में नस्लीय और सामाजिक अन्याय के विरूद्ध बोलते हुए अपने समुदायों में हमारे छात्रों को सकारात्मक छवियां पहचानने का मौका देता है।

**समुदाय सहभागिता**

मुझे रोटरी क्लब ऑफ स्टोन माउंटेन के अतिथि वक्ता के रूप में सम्मानित किया गया। इस वर्ष वे दुनिया के पहले हाइब्रिड रोटरी क्लब बने। हाइब्रिड क्या है? आसान: वे सदस्य को उसकी पसंद अनुसार प्रत्येक सपताह् बैठक में शामिल होने या लाइव स्ट्रीम में भाग लेने का अवसर देते हैं।

कल रात हमारे क्षेत्र टाउन हॉल और हमारे पैरेंट टाउन हॉल में भाग लेने वाले सभी लोगों को धन्यवाद। हमारे पास अपने क्षेत्रों और डिस्ट्रिक्ट का नेतृत्व करने वाली महान टीम है और मैं आपकी कड़ी मेहनत की सराहना करता हूं। हम समस्त इनपुट पर ध्यान देते रहेंगे और यदि आप कल रात के टाउन हॉल से चूक गए हों, तो कृपया यहां क्लिक करें https://youtu.be/0mC36NaRKVQ.

शानदार सप्ताहांत की शुभकामनाएं और हमारे डिस्ट्रिक्ट को सुदृढ़ विलेज बनाए रखने के लिए आप सभी का धन्यवाद।

आपकी #1 चीयरलीडर,

Cheryl Watson-Harris